उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग

प्रेस विज्ञप्ति

पावर टॉसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0 (पिटकुल)

के बहुवर्षीय टैरिफ पिटिशन एवं व्यापार योजना पिटिशन वित्तीय वर्ष 2016–17 से वित्तीय वर्ष 2018–19 पर

टैरिफ आदेश : मुख्य बिन्दु

- पिटकुल द्वारा दिनांक 30 नवम्बर, 2015 को आयोग के समक्ष द्वितीय नियन्त्रण अवधि वित्तीय वर्ष 2016–17 से वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए व्यापार योजना तथा बहुवर्षीय टैरिफ पिटिशन (MYT) वित्तीय वर्ष 2016–17 से वित्तीय वर्ष 2018–19 के अनुमोदन हेतु दायर की गई। उक्त बहुवर्षीय टैरिफ पिटिशन (MYT) के माध्यम से पिटकुल द्वारा वित्तीय वर्ष 2014–15 के संप्रेक्षित खातों के आधार पर अन्तिम सहीकरण (Final truing up) का भी अनुरोध किया गया है।
- आयोग द्वारा तद्नुसार इस टैरिफ आदेश में निम्न अनुमोदन किये गये हैं :–

  1. वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए सहीकरण (**Truing up**)।

  2. द्वितीय नियन्त्रण अवधि वित्तीय वर्ष 2016–17 से वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिये व्यापार योजना का अनुमोदन।

  3. वित्तीय वर्ष 2016–17 से वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए वार्षिक पारेषण प्रभार का निर्धारण।

- पिटकुल द्वारा वित्तीय वर्ष 2014–15 के सहीकरण (Truing up) हेतु रू0 26.47 करोड़ की धनराशि का अन्तर (Gap) प्रक्षेपित किया गया, जिसके सापेक्ष आयोग द्वारा वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए सहीकरण (Truing up) कुल रू0 5.29 करोड़ का surplus अनुमोदित किया गया है।
- पिटकुल द्वारा वित्तीय वर्ष 2016–17 से वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए प्रस्तावित वार्षिक पारेषण प्रभार तथा आयोग द्वारा अनुमोदित की गयी प्रतिशत वृद्धि निम्न तालिका में दर्शायी गयी हैः–

तालिका : वार्षिक पारेषण प्रभार (ए0टी0सी0) (रू0 करोड़ में)

वितरण	वित्तीय वर्ष 2015–16	वित्तीय वर्ष **2016-17**		वित्तीय वर्ष **2017-18**		वित्तीय वर्ष **2018-19**	
	अनुमोदित	प्रस्तावित	अनुमोदित	प्रस्तावित	अनुमोदित	प्रस्तावित	अनुमोदित
पिटकुल (ए0टी0सी0)	254.59	325.41	271.72	466.45	296.02	700.04	323.40
विगत वर्षों के सहीकरण का प्रभाव	40.71	151.99	-10.68	-	-	-	-
कुल	295.30	477.40	261.04	466.45	296.02	700.04	323.40
गत वर्ष की तुलना में वृद्धि (% में)	-	62%	-12%	-2%	13%	50%	9%

****